हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
18 अप्रैल 2024, समय 1305

हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जे जे पी के वरिष्ठ नेता दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि कांग्रेस और इंडियन नैशनल लोकदल का संगठन आज इतना कमजोर हो चुका है कि लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और इनेलो को अपने उम्मीदवार उतारने में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अंदरूनी कलह के कारण कांग्रेस को उम्मीदवार घोषित करने में जोर लग रहा है।
कल श्री दुष्यंत चौटाला सोनीपत दौरे के दौरान पत्रकारों से रूबरू थे। उन्होंने कहा कि जेजेपी ने पांच मजबूत उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और बचे पांच प्रत्याशियों की भी जल्द घोषणा कर दी जाएगी। श्री चौटाला ने कहा कि जेजेपी ने महिला एवं युवा वर्ग का खासा ध्यान रखते हुए उम्मीदवार घोषित किए है। उन्होंने कहा कि जेजेपी का मकसद है कि प्रदेश में ऐसे मजबूत सांसद चुने जाएं, जो संसद में हरियाणा की आवाज बने। श्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में ऐसे सांसद बने थे, जिन्होंने प्रदेश को कभी मुख्यधारा में आगे बढ़ाने में अपना योगदान नहीं दिया।

....

कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि जल्द ही प्रदेश की 9 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि संभावित उम्मीदवारों के नामों पर काफी विचार-विमर्श हुआ। हर नाम पर विस्तार चर्चा हुई है, जो जिताऊ उम्मीदवार होगा, सही समय पर उसे प्रत्याशी घोषित किया जाएगा।
श्री दीपेंद्र हुड्डा कल रोहतक में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।
जननायक जनता पार्टी बारे प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने दावा किया कि जननायक जनता पार्टी का हरियाणा में राजनीतिक अस्तित्व नहीं बचेगा। उन्होंने कहा कि इस पार्टी की कार्यशैली से जनता दुखी है।
श्री दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने बी जे पी व जे जे पी के नेताओं के विरोध पर कहा कि लोगों में इन राजनीतिक दलों के प्रति रोष है। उन्होंने लोगों से कहा कि प्रजातंत्र में सभी को अपनी सैंवधानिक लक्ष्मणरेखा का पालन करना चाहिए। सभी उम्मीदवारों को वोट मांगने व अपनी बात रखने का अधिकार है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य ने बीजेपी सांसद डा. अरविंद शर्मा की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए।

....

रोहतक लोकसभा क्षेत्र से बी जे पी सांसद एवं पार्टी उम्मीदवार डा. अरविंद शर्मा ने विकास कार्यों के मामले में कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र सिंह हुड्डा को खुली चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि वे सार्वजनिक मंच पर मीडिया के सामने आकर लगाए जा रहे आरोपों का सुबूत दें। वे खुद उन की सभी बातों का जवाब देंगे।

कल रोहतक में पत्रकारों से बातचीत में श्री दीपेंद्र हुड्डा ने आरोप लगाया था कि अरविंद शर्मा ने संसद में रोहतक लोकसभा क्षेत्र की आवाज ठीक ढंग से नहीं उठाई और उन्होंने अपने सांसद निधि के पैसे का भी पूरा प्रयोग नहीं किया। इस पर पलटवार करते हुए भाजपा सांसद ने दीपेंद्र हुड्डा को यह चुनौती दी है।

डा. अरविंद शर्मा ने तो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके पुत्र दीपेंद्र हुड्डा पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और कहा कि देश व प्रदेश में कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार हुआ और परिवारवाद का बोलबाला रहा।

....

पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कल इंद्री में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार 'सबका साथ सबका विकास' के संकल्प को लेकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण है और दावा किया कि श्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।

श्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार की योजनाएं बनाई है, ऐसे विचार पहले कभी किसी के मन में नहीं आए थे। प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से आज देश के करोड़ों लोगों का भला हो रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार जनता के विश्वास पर खरा उतरती आई है और भविष्य में भी जनता के विश्वास पर खरी उतरेगी।

....

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि जनता की सेवा करना ही राजनीति का सही मकसद है, जे जे पी ने जनता की ताकत से यह सार्थक करके दिखाया है।

कल लोहारू में लोगों से भिवानी-महेंद्रगढ़ से जेजेपी प्रत्याशी राव बहादुर सिंह के पक्ष में वोट की अपील करते हुए डॉ अजय चौटाला ने कहा कि जनता भिवानी-महेंद्रगढ़ से राव बहादुर सिंह को सांसद बनाए ताकि वे उनकी आवाज संसद में बुलंद कर सकें। इस दौरान डॉ. अजय चौटाला पार्टी कार्यकर्ताओं से भी रूबरू हुए और उन्हें लोकसभा चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

....